हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

11 मांगों को लेकर नप परिषद सफाई कर्मचारियों...



12 डीसी ने किया सीईटी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण...



## 150 स्कूल मुखियों से मांगा स्पष्टीकरण

# पीटीएम में 50 फीसदी से कम विद्यार्थियों ने 'ग्रीष्मकालीन पैकेट' नहीं किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सरकारी स्कूल में मोटा वेतन पाने वाले शिक्षक शिक्षा विभाग के आदेश पर ही खरे नहीं उतर रहे। उन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए होमवर्क पैकेट को पूरा करने के आदेश दिए थे। फिर ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने पर घोषित पीटीएम में होमवर्क पैकेट से संबंधित डाटा शिक्षा विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना था। निदेशालय से जब महेंद्रगढ़ जिला की रिपोर्ट स्थानीय शिक्षा अधिकारी को भेजी तो उसमें हैरान करने वाले आंकड़े थे। जिला में ऐसे 150 स्कूलों को चिन्हित किया गया, जिनमें 50 फीसदी तक रिपोर्ट शिक्षा विभाग को ग्रीष्मकालीन पैकेट नहीं भेजी। अटेली खण्ड के 25, कनीना के 20, महेंद्रगढ़ के 38, नांगल चौधरी के 31 और नारनौल खण्ड के 36 स्कूल शामिल है। ऐसे स्कूलों को अब नोटिस भेजा गया है। अब उन्हें यह स्पष्टीकरण देना होगा कि ग्रीष्मकालीन पैकेट मूल्यांकन पत्रों की प्रस्तुति में कमी के प्रमुख कारण क्या रहे? विद्यालय स्तर पर इसके लिए क्या प्रयास

- **स्पष्ट व तथ्यात्मक स्पष्टीकरण लेकर अपनी टिप्पणी सहित खण्डवार संकलित 26 जुलाई तक मेल व 28 जुलाई तक हार्ड कॉपी भेजने के निर्देश**

किए गए? अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए क्या रणनीतियां अपनाई गई? यह जवाब 26 जुलाई तक मेल आईडी और 28 जुलाई तक हार्डकॉपी के माध्यम से भेजने होंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि निदेशालय की ओर से 15 जुलाई को सूचना मिली है। इस सूचना के अनुसार यह पाया गया है कि महेंद्रगढ़ जिला के 150 विद्यालयों में 50 प्रतिशत या उससे कम विद्यार्थियों द्वारा ग्रीष्मकालीन पैकेट प्रस्तुत नहीं किया है। यह विद्यार्थियों की ग्रीष्मकालीन अधिगम गतिविधियों में सहभागिता की कमी को दर्शाता है। यह ग्रीष्मकालीन पैकेट एफएलएन मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को सुदृढ़ करने के लिए वितरित किया गया था। जिसका आकलन मूल्यांकन पत्र के माध्यम से किया जाना आश्यक था। विद्यार्थियों द्वारा मूल्यांकन पत्र प्रस्तुत न किया जाना इस प्रक्रिया को अधूरा बनाता है। ऐसे में सूची अनुसार निदेशालय की अनुपालना में संबंधित विद्यालय के मुख्य शिक्षक/प्रभारी का स्पष्ट और तथ्यात्मक स्पीष्टीकरण लेकर अपनी टिप्पणी सहित खंडवार संकिलत पीडीएफ फाइल 26 जुलाई तक मेल आईडी पर और 28 जुलाई को हार्ड कॉपी में अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर सहित कार्यालय को भेजने के आदेश दिए गए है।

### क्या है ग्रीष्मकालीन होमवर्क पैकेट

*शिक्षा विभाग, हरियाणा ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश (एक जून से 30 जून तक) के दौरान होमवर्क (ग्रीष्मकालीन अवकाश होमवर्क पैकेट) जारी किया। होमवर्क का मुख्य उद्देश्य छात्रों को छुट्टियों में पढ़ाई से जोड़े रखना, उनके ज्ञान को ताजा करना और आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए तैयार करना रहा। होमवर्क में विभिन्न विषयों जैसे भाषा, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान आदि के प्रश्न शामिल थे। होमवर्क सभी कक्षाओं के लिए अलग-अलग निर्धारित किया गया। छात्रों को सलाह दी गई थी कि वे होमवर्क को ध्यानपूर्वक करें और इसे एक जुलाई को स्कूल खुलने पर अपने शिक्षक को जमा करें। उदाहरण के तौर पर कक्षा पांचवीं के लिए, होमवर्क में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण अध्ययन और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न शामिल किए गए। कक्षा 10वीं के लिए, होमवर्क में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी से संबंधित प्रश्न शामिल किए गए। जब ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म हुआ और पीटीएम हुई तो जिला के 150 ऐसे स्कूल रहे, जिन्होंने 50 फीसदी भी यह डाटा अपडेट नहीं किए।*

## खबर संक्षेप

### खरकड़ा बास में बाबा दयाल का मेला कल

**कनीना।** गांव खरकड़ा बास में 26 जुलाई को बाबा दयाल की स्मृति में मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में सतबीर निंबल ने बताया कि मेले में खेलकूद प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। 50 रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक की कुश्तियां करवाई जाएगी। 25 जुलाई रात्रि जागरण किया जाएगा। जिसमें राजेश शर्मा, हरिसिंह गुर्जर, बबली वर्मा, तन्नु चैधरी, कृष्ण बामला व नवीन सोनी धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देंगे।

### महिला के गले से चेन स्नेचिंग करने वाला काबू

**कनीना।** गांव बागोत स्थित बाघेश्वर धाम मंदिर में बुधवार को आयोजित किए गए कांवड़ मेले में एक महिला से भले ही चेन स्नेचिंग की घटना घटित हुई, लेकिन आरोपित को पुलिस ने धर दबौचा। मेले में कनीना वासी महिला रेनु भी गई हुई थी। जलाभिषेक करने के लिए वह कतार में लगी हुई थी, उनके पीछे चल रहे एक व्यक्ति ने उनके गले से सोने की चेन चटका दी। महिला ने आरोपित को सहयोगियों की मदद से काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### बास किरारोद उमराबाद में मेला 27 को

**नारनौल।** गांव बास किरारोद उमराबाद में 27 जुलाई को बाबा राणाधीर पीर के मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के मुख्य अतिथि सरपंच सुनिल सैनी व विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह डेलीगेट होंगे। कमेटी के प्रधान सुमेश सैनी ने बताया कि 26 जुलाई को भण्डारा व रात्रि में जागरण होगा। वहीं 27 जुलाई को 2100 व 1100 रुपये की कबड्डी, 21 से 2100 रुपये तक की 25 कुश्तियां करवाई जाएगी। मेले में मुख्य कलाकार संजय पटेल, कंचन यादव, समिषा पूनिया डांसर, रेणू, रोहतास दायमा व राजू गोला होंगे।

### रेडक्रॉस में होने वाली सभी गतिविधियां 27 तक स्थगित

**नारनौल।** जिले में 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी को मध्य नजर रखते हुए 27 जुलाई तक जिला रेडक्रॉस कार्यालय में रेडक्रॉस की ओर से होने वाली सभी गतिविधियों को स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी जिला रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह ने दी।

### एसडीएम का तबादला रोकने की मांग

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर महेंद्रगढ़ के एसडीएम अनिल कुमार यादव एचसीएस का तबादला रोकने की मांग की है। बार प्रधान संदीप यादव ने कहा कि अनिल कुमार यादव एसडीम महेंद्रगढ़ थोड़े समय में उक्त पद पर रहते हुए ईमानदारी पूर्ण कार्य किया है और महेंद्रगढ़ में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाकर विकास को पटरी पर लाने का कार्य किया है। उन्होंने नगर पालिका व अन्य विभागों में अल्प समय में विकास कार्य करवाए हैं जिससे महेंद्रगढ़ की जनता खुश है। महेंद्रगढ़ के सौंदर्यकरण एवं साफ सफाई पर अनिल कुमार यादव ने अपने अल्प समय के कार्यकाल में विशेष फोकस किया। सरकार महेंद्रगढ़ के एसडीएम के तबादले को तुरंत प्रभाव से रद करें।

# डीआईसी के इंस्पेक्टर राकेश यादव गिरफ्तार, एक दिन का मिला रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल




नारनौल। एसीबी की गिरफ्त में आरोपित इंस्पेक्टर राकेश यादव (मध्य में)। फोटो : हरिभूमि

निजामपुर रोड स्थित जिला उद्योग केंद्र ऑफिस में कार्यरत रहे इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव को आखिरकार एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम की टीम ने बुधवार देर रात गिरफ्तार कर ही लिया। गिरफ्तारी उपरांत गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां एसीबी की डिमांड पर उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। राकेश पर आरोप है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत लोन पास कराने की एवज में भांखरी के एक बेरोजगार युवक से 60 हजार रुपये लिए थे। यह रुपये देते वक्त युवक ने उसकी वीडियो बना ली थी। इंस्पेक्टर राकेश कुमार का अब प्रमोशन हो चुका है तथा वह फरीदाबाद लगा हुआ है।

पीड़ित सन्नी यादव ने बताया कि वह भांखरी गांव का रहने वाला है तथा रोजगार की तलाश है। इसी दौरान उसे ज्ञात हुआ कि पीएनईजीपी के तहत स्व रोजगार के लिए लोन दिया जा रहा है, जिसमें 35 प्रतिशत सब्सिडी है और ऑनलाइन फार्म जमा होता है। फार्म जमा कराने के बाद वह निजामपुर रोड स्थित संबंधित कार्यालय डीआईसी पहुंचा, जहां उसे इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव मिला, जिन्होंने उसकी ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म चेक करके उसे शीघ्र अति शीघ्र दस लाख रुपये का लोन पास करने बाबत बताया और कहा कि 60 हजार रुपया फीस लगेगी, जो राकेश ने नगद अदा कर दी तथा इसकी अपने मोबाइल में रिकार्डिंग कर ली। यह पैसा देने के बाद राकेश टालमटोल करने लगा और लोन भी नहीं दिलाया। बाद में उसे पता चला कि राकेश यादव ने उसके साथ धोखाधड़ी करके 60 हजार रुपये नाजायज वसूले हैं, जिस पर उसने शिकायत करने का निर्णय किया।

शिकायत की जानकारी होने पर राकेश कुमार ने 14 हजार रुपये पेटीएम के जरिए सन्नी यादव के खाते में डाले, लेकिन बाकी रुपये नहीं दिए। गौर करने की बात यह भी है कि राकेश ने अपने दो व्यक्ति सन्नी के घर भी भेजे तथा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। शिकायतकर्ता इन सभी गतिविधियों को सबूत के तौर पर जुटाता रहा और जब सारे पुख्ता सबूत हो गए, तब इसकी नारनौल पुलिस को दी। कमाल की बात है कि नारनौल पुलिस ने शिकायत की जानकारी राकेश को दे दी और फिर उसे सन्नी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। बाद में सारे रुपये नहीं मिलने एवं परेशान होकर गुरुग्राम एंटी करप्शन ब्यूरो को 21 फरवरी 2023 को शिकायत दी, मगर वहां तत्काल एसीबी ने मामला दर्ज नहीं किया और काफी इंतजार करना पड़ा था। गौर करने वाली बात यह है कि मई माह में केस दर्ज होने के काफी दिन बाद अब जाकर आरोपित की गिरफ्तारी हुई है।

### आरोपित इंस्पेक्टर हाईकोर्ट भी गया

एसीबी में करप्शन का केस दर्ज होने उपरांत आरोपित इंस्पेक्टर राकेश खुद के बचाव के लिए नारनौल कोर्ट में जमानत याचिका दायर की, लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। फिर वह हाईकोर्ट भी पहुंचा और पुनः जमानत की अर्जी लगाई, लेकिन यहां हाईकोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत खारिज कर दी। अब गिरफ्तार करने के बाद एसीबी ने राकेश यादव का नारनौल के नागरिक अस्पताल में मेडिकल कराया तथा उसे कोर्ट में पेश कर दिया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।



मंडी अटेली। धन्नौंदा रोड से शराब ठेके के विरोध में धरना देते लोग। फोटो : हरिभूमि

## 21 दिनों तक चले धरने प्रदर्शन के बाद हटा शराब ठेका

**मंडी अटेली।** अटेली कस्बे के धन्नौंदा रोड पर रिहायशी क्षेत्र में शराब ठेका स्थापित करने के विरोध में चल रहे धरना-प्रदर्शन की वीरवार को कामयाबी मिल गई। शराब का ठेका 100 मीटर दूर दूसरे मार्ग पर शिफ्ट हो गया है। पिछले 21 दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन को वार्ड के लोगों ने समाप्त कर दिया। हालांकि ठेके के प्रथम लोकेशन पर नहीं जाने से प्रदर्शनकारियों में ज्यादा खुशी तो नहीं दिखाई दी।

मंत्री आरती सिंह राव को 19 जुलाई को ज्ञापन ठेके को हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा था। उसके बाद मंगलवार को डीईटीसी अनिल शर्मा मौके पर पहुंचे थे। उसके दो दिन बाद ठेका यहां से हट गया है। रिटायर्ड गिरदावर बेद व नपा चेयरमैन संजय गोयल ने बताया कि 21 दिनों तक वार्ड तीन-चार के अलावा घन्नौदा रोड के निवासियों ने धरने के खुलने पर अपना विरोध धरने के माध्यम से कर रहे थे। लोगों ने लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया है।

चेयरमैन संजय गोयल ने बताया कि मंत्री आरती सिंह को ज्ञापन के बाद उनके निर्देश पर डीईटीसी स्वयं मौके पर पहुंचे थे, उसी दिन हमें यकीन हो गया था कि ठेका हटेगा जरूर, जो हट गया। वहीं पार्षद प्रतिनिधि बिरेंद्र, देवी दत्त गुप्ता, मास्टर विजयपाल आदि ने बताया कि अगर ठेका पहली लोकेशन पर जाता तो ज्यादा बेहतर होता। बता दें कि ठेके के रास्ते से ही स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं जाती है। ठेका खुलने ये महिलाओं में खासा रोष व आक्रोश बना हुआ था।



नारनौल। सीएम फ्लाइंग ने पकड़े ओवरलोड वाहन। फोटो : हरिभूमि

# सीएम फ्लाइंग ने पकड़े 18 ओवरलोड वाहन, 12.45 लाख लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्यमंत्री उड़नदस्ताए खनन व आरटीए विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान टीम ने 18 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा। जिन पर आरटीए विभाग ने कार्रवाई करते हुए 12 लाख 45 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं खनन विभाग ने छह डंपरों को सीज भी किया है।

बता दें कि जिले में बगैर ई रवाना पर्ची व ओवरलोड वाहन चलने की खबर मिल रही थी। इसी सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता, खनन व आरटीए विभाग की संयुक्त टीम ने नांगल चौधरी में टोल प्लाजा के पास ओवरलोड वाहनों व बिना ई रवाना पर्ची के वाहनों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की तरफ से निरीक्षक सत्येंद्र कुमार व राजेश कुमार, टीम खनन विभाग की तरफ से तन्नू जोशी निरीक्षक व उनकी टीम, आरटीओ विभाग की तरफ से टीआई बलवीर शामिल थे।

टीम को देखकर ओवरलोड वाहन के चालकों ने होटल ढाबों पर वाहन को लगाना शुरू कर दिया। इनमें से कुछ डंपर ड्राइवर डंपरों से रोड़ियों को उतारकर भाग भी गए। जिससे सड़क पर भी रोड़ियां गिर गई। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। इस छापेमारी के दौरान कुल 18 ओवरलोड वाहन चालकों व ओवरलोड वाहन पकड़े। जिन पर 12 लाख 45 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा खनन विभाग की ओर से भी कुल बिना ई रवाना के छह डंपरों को सीज किया। जिनका बाद में जुर्माना किया जाएगा।

# किरयाणा की दुकान में लगी आग, समय पर फायर ब्रिगेड़ गाड़ी पहुंचती तो नहीं होता भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में महेंद्रगढ़ रोड पर लघु सचिवालय के सामने एक किरयाणा की दुकान में बुधवार रात को अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से किरयाणा की दुकान में रखा करीब 10 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था।

पीड़ित दुकानदार ने फायर ब्रिगेड के देरी से आने पर सवाल उठाए हैं। गांव ढाणी किरारोद निवासी एवं सैनी सभा के कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह ने बताया कि उसने अपने चाचा के साथ मिलकर महेंद्रगढ़ रोड पर पीएनबी बैंक से थोड़ा आगे किरयाणा की दुकान की हुई है। इस दुकान में वह किरयाणा के सामान के अलावा फोटोकॉपी व साइबर कैफे का काम भी करता है। दुकान में करीब पांच लाख रुपये का इलेक्ट्रानिक्स का सामान तथा करीब छह लाख रुपये का परचून का सामान रखा हुआ था।

रात को करीब 12 बजे पीछे बनी कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति ने उसको फोन करके सूचना दी कि उसकी दुकान से धुआं निकल रहा है। जिसके बाद वह अपने गांव से दुकान पर पहुंच गया। दुकान पर पहुंचने में उसको करीब दस से 15 मिनट लगी। दुकान में पहुंचने के बाद उसने देखा कि वहां पर एक पुलिस की गाड़ी खड़ी हुई है। मगर दमकल की कोई गाड़ी वहां पर नहीं थी, जबकि फोन करने वाले व्यक्ति ने जब उसको फोन किया, तब साथ ही उसने दमकल को भी फोन कर दिया था। इसके बावजूद वहां उसके पहुंचने तक भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची।



- आग लगने से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान

नारनौल। आग लगने से दुकान में जला सामान। फोटो : हरिभूमि

### देर से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी

इस पर उसने वहां 10 मिनट इंतजार भी किया, लेकिन फिर भी फायर ब्रिगडे की गाड़ी नहीं आई तो वह पुलिस कर्मियों के साथ नगर परिषद दमकल कर्मियों को बोलने के लिए चल दिया। जब वे महावीर चौक पर पहुंचे तब दमकल की गाड़ी दिखाई दी। उसने आरोप लगाया कि फोन होने के आधा घंटे तक दमकल की गाड़ी नहीं आई। जिसके कारण उसको ज्यादा नुकसान हो गया। यदि समय रहते दमकल की गाड़ी आ जाती तो इतना नुकसान नहीं हो पाता, क्योंकि जब उसने गांव से आकर शटर खोला तब आग ज्यादा नहीं थी। सूचना मिलने के बाद नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने भी दुकानदार का हालचाल जाना तथा सरकार से नुकसान की भरपाई कराने का आश्वासन भी दिया।

## अलग-अलग ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थान पर ट्रेनों की चपेट में आने से दो की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। अटेली के वार्ड नंबर नौ निवासी करीब 75 वर्षीय राजेश नारनौल के नागरिक अस्पताल में आया था। अस्पताल से रात्रि के समय वह अटेली जाने के लिए पैसेंजर ट्रेन में बैठ गया। वह अटेली से पहले पड़ने वाले मिर्जापुर बाछौद स्टेशन पर ही उतर गया। वहां पर उतरकर वह पटरियों को पार कर रहा था कि वहां से गुजर रही अन्य ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं एक अन्य हादसे में गांव मोहनपुर के 40 वर्षीय मुंशीराम की मौत हो गई। मुंशीराम अटेली के पास बने रेलवे अंडरपास में पानी भरा होने के कारण पटरियों से पैदल-पैदल रास्ता पार कर रहा था कि वह अचानक आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। अटेली में इस रेल लाइन पर लोगों की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध नहीं है। इस रेल लाइन पर कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। रेवाड़ी रीगंस रेल लाइन के साथ ही मुबंई-रेवाड़ी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेल लाइन है। इस रेललाइन के साथ सेफ्टी बाल की दीवार बनाई हुई है, लेकिन वह सेफ्टी वाल दीवार लगभग टूटी हुई है। इस रेल लाइन पर सेफ्टी वाल दीवार टूटने के चलते स्कूल के बच्चे भी अंडरपास की बजाय रेल लाइन से गुजरते हैं। अगर रेलवे विभाग ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो आगे बड़ा हादसा हो सकता है।

### 26 जलाई को गोड्डा-दौराई स्पेशल एक तरफा संचालित होगी

# दौराई-अजमेर-गोड्डा-दौराई साप्ताहिक नई रेलसेवा का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा दौराई अजमेर-गोड्डा-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक नई रेलसेवा का संचालन किया जाएगा। इस रेलसेवा की उद्घाटन गाड़ी संख्या 09604 गोड्डा-दौराई (अजमेर) उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा गोड्डा से 26 जुलाई को संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09604 गोड्डा-दौराई (अजमेर) उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा 26 जुलाई को गोड्डा से 16:00 बजे रवाना होकर सोमवार को 01:30 बजे दौराई पहुंचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में पोडैयाहाट, हंसडीहा, मोहनपुर, देवघर, जसीडीह, झाझा, किऊल, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, चुनार, मिर्जापुर, सुबेदारगंज, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूण्डला, अलीगढ, गाजियाबाद, दिल्ली, गुड़गांव, रेवाड़ी, अटेली, नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, किशनगढ व अजमेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा में दो सैकण्ड एसी, तीन थर्ड एसी, तीन थर्ड एसी इकोनामी, सात द्वितीय शयनयान, चार साधारण श्रेणी, एक गार्ड डिब्बा व एक पॉवरकार डिब्बें होंगे।




### अजमेर साप्ताहिक नई रेलसेवा के रूप में होगी संचालित

गाड़ी संख्या 19603 दौराई (अजमेर) गोड्डा साप्ताहिक रेलसेवा तीन अगस्त से दौराई से प्रत्येक रविवार को 15:30 बजे रवाना होकर सोमवार को 22:20 बजे गोड्डा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19604 गोड्डा दौराई (अजमेर) साप्ताहिक रेलसेवा पांच अगस्त से गोड्डा से प्रत्येक मंगलवार को 05:00 बजे रवाना होकर बुधवार को 17:20 बजे दौराई पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, अटेली, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुरए सुबेदारगंज, मिर्जापुर, चुनार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, देवघर, मोहनपुर, हंसडीहा व पोडैयाहाट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस नियमित रेलसेवा में दो सैकण्ड एसी, तीन थर्ड एसी, तीन थर्ड एसी इकोनामी, सात द्वितीय शयनयान, चार साधारण श्रेणी, एक पॉवरकार, एक गार्ड व एक पेंट्रीकार डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बें होंगे।

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

## डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

## जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

## डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस



**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

## मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस



**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

## शीप एंड डॉग बिल्डिंग



**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

बच्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।

**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।

**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है।



जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।

**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

# बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले



**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
**-तृप्ति, रायपुर**

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।
**-किंशुक, बिलासपुर**

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



आज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा,'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# शिक्षा का महत्व बताती कहानी

बच्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *




**किताब**-रेवा, **लेखक**-प्रभात, **चित्र**-प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**-75 रुपए, **प्रकाशक**-एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




डिंपल, दुर्ग


मन्वय, रायगढ़


रितिका, बिलासपुर


वेदिका, बालोद


तेजस, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद


अनन्या, बिलासपुर

## खबर संक्षेप




नारनौल। यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थी।

### श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए ईमानदारी से प्रयास जरूरी

**नारनौल।** युवाओं के असीम भविष्य की संभावनाओं पर खरा उतारते हुए यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा के बीए द्वितीय वर्ष कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में नियमित छात्रा स्वाति पुत्री सुनील कुमार ने सातवां, मनीषा पुत्री विक्रम सिंह ने 10वां स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय स्तर पर टॉप टेन पॉजीशन में प्राप्त किया है। चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को स्वरोजगार पर आधारित शिक्षा, प्रायोगिक विकास और आगे बढ़ाने के समान अवसर प्रदान करते हैं। संस्था निदेशक सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, उपप्राचार्या सोनल यादव के साथ समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी।


शुभम


अंकिता

### भाई-बहन ने नेट की परीक्षा में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** गांव भगडाना निवासी दो भाई-बहन ने नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव भगडाना निवासी अशोक कुमार की बेटी अंकिता व बेटे शुभम ने अपने प्रथम प्रयाय में नेट की परीक्षा उर्तीण की है। उनके दादा डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों बच्चे शुरू से ही पढ़ाई में बहुत अव्वल रहें है। उनके पिता बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है तथा उनकी माता गृहणी है। शुभम व अंकिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा सुरेंद्र सिंह, दादी विधा देवी, माता-पिता व अपने परिजनों के साथ-साथ गुरूजनों दिया। इस उपलब्धि पर मॉडर्न स्कूल के डायरेक्टर हुक्मसिंह तंवर, रिटायर्ड, रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र सिंह श्योराण, रामानंद यादव, राजेंद्र प्रसाद आदि ने उन्हें बधाई दी।



नारनौल। मोहल्ला चांदुवाड़ा में लगा कूड़े का ढेर। फोटो : हरिभूमि

### मोहल्ला चांदुवाड़ा में लगा कूड़े का ढेर

**नारनौल।** एक तरफ जहां सरकार दावा करती है कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, तो दूसरी ओर यह तस्वीर साफ बोलते हैं कि सफाई की व्यवस्था पूरे शहर में चरमराई हुई है। यह नजारा वार्ड नंबर 21 के बजाजा बाजार से नलापुर की साइड आते हुए दिल्ली दरवाजे के पास का है। जहां पर पिछले 10 दिनों से कूड़ा पड़ा है, जबकि इस मौसम में इतने मच्छर पैदा हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि यहां से जल्द से जल्द कूड़ा उठाया जाए।

### तीन नवंबर 2017 से बकाया एरियर का किया जाए भुगतान

# मांगों को लेकर नप परिषद सफाई कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई नारनौल ने अपनी मांगों के बारे में तीसरे दिन धरना जारी रखा। इस धरने की अध्यक्षता इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया ने की। अपनी मांगों के बारे बताया कि जब तक तीन नवंबर 2017 से बकाया ऐरियर का भुगतान नहीं किया जायगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मांगों के बारे में धरने के दौरान नगर प्रशासन व डीएमसी ने कर्मचारियों के साथ बातचीत करने के बुलाया गया। कर्मचारी यूनियन ने एक घंटे तक वार्ता की, लेकिन उसमें कोई सहमति नहीं बनी। कर्मचारियों व यूनियन के पदाधिकारी ने कहा कि जब तक समान कम समान वेतन और 3 नवंबर 2017 का बकाया एरियर नहीं दिया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। अगर समय पर तीन नवंबर 2017 का बकाया एरियर का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक हमारा धरना ऐसे ही जारी रहेगा। यदि शीघ्र सुनवाई नहीं हुई तो कार्मिक भूख हड़ताल भी की जाएगी। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो कर्मचारी कामछोड़ हड़ताल भी कर सकते हैं। इसका जिम्मेवार स्वयं नगर प्रशासन होगा। इस मौके पर जिला प्रधान राहुल सारवान, सचिव महावीर प्रसाद, राज्य कैशियर महेंद्रसिंह संगेलिया, सुनील बोयत, भूपेंद्र सिंह सरवन, महेंद्र सिंह चौहान, प्रताप सिंह दरोगा, देवानंद, राजू दरोगा, भीम सिंह, निरंजन लाल, राजू, रोशन, दीपक, आशु, कमल, श्याम सुंदर, दौलत, संतलाल, राजेश, विक्की, रॉकी, विक्रम, जसवंत, मनोज देवी, निर्मला देवी, ममता, मंजू, सुनीता, बबली, सविता, कृष्णा, बबली एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



नारनौल। नप में धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ ओलंपियाड में हासिल की सफलता

**महेंद्रगढ़।** शहर के बुचौली स्थित यदुवंशी स्कूल के छात्रों ने एसओएफ (साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन) द्वारा आयोजित विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओं में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने भाग लेकर गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल के साथ, सर्टिफिकेट आफ एक्सीलेंस प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस सफलता ने यदुवंशी स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रतियोगी माहौल को एकबार फिर प्रमाणित किया है। विजेता विद्यार्थियों में मन्नत शर्मा, सात्विक दीक्षित, ईनायत दहिया, रौनक, प्रिया यादव, नैंसी यादव, खुशी तंवर, सपना, शिवानी यादव, तन्नु, पारूल यादव, यश यादव, तेजस तिवारी, विराज यादव है। प्राचार्य पवन कुमार ने छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्र न केवल अकादमिक बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव द्वारा आशीर्वाद दिया गया।




महेंद्रगढ़। विजेताओं को सम्मानित स्कूल स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### रसूलपुर में भंडारा आयोजित



**नारनौल।** गांव रसूलपुर में वीरवार को भोले शिवशंकर का भंडारा आयोजित किया गया। संत रविदास मंदिर में स्थापित शिव पार्वती व संत रविदास की मूर्तियों के समक्ष पूजा अर्चना कर भंडारा का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने कहा कि भंडारा, संर्कीतन, जागरण हमारी सनातन गौरवशाली परंपराएं है। इससे समाज में शांति, सद्भाव, भाईचारा व आदरभाव की भावना पैदा होती है। उन्होंने भंडारा आयोजित करने के लिए आयोजन समिति का धन्यवाद किया। समिति सदस्यों ने अतरलाल का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शिवभगत ओमप्रकाश, पूर्णचंद, रणतेज, मास्टर रोशनलाल, रामकिशन, पूर्व सरपंच उमेद, संदीप कुमार, मोनू, कैलाश सेठ, राजबीर आदि उपस्थित थे।

## 11 हजार की कुश्ती धर्मबीर पवेरा ने जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

फतेहपुर शिव धाम परिसर में कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। मेले में 50 रुपये से 11 हजार रुपये तक की कुश्ती करवाई गई। मेले में मैच रेफरी के खाचरौली के मैनपाल व मोहनपुर के मनोज कुमार ने निर्णय दिए तथा सटीक एवं अच्छी रेफरिशिप करवाने पर मेला कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। मेला कमेटी प्रधान रामप्रताप व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि महाबीर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि देकर सम्मानित किया। मेले में 11 हजार रुपये की कुश्ती धर्मबीर पवेरा ने रोहतक के सरजीत को हराकर जीती। दूसरी 11 हजार रुपये की कुश्ती बसीरपुर के कृष्ण व कटकई के मनोज तथा दूसरी 11 हजार रुपये की कुश्ती गणियार के अभिषेक व हर्ष भालखी के बीच बराबरी पर रही। लड़कियों की 1100 रुपये की कुश्ती रामनिवास साहब व डा. त्रिलोक चंद द्वारा कराई गई।



मंडी अटेली। फतेहपुर के कुश्ती दंगल में विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते हुए।

## राव जयराम स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन और देशसेवा की भावना के लिए किया प्रेरित

शहर के अटेली रोड पर स्थित राव जयराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम उन वीर सपूतों की स्मृति में आयोजित किया गया जिन्होंने वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस अवसर पर विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से अनेक प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें वक्तव्य, वीडियो प्रस्तुति तथा विशिष्ट अतिथियों के विचार शामिल रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा से पूर्व सूबेदार राजेश कुमार जांगड़ा, सहायक प्रोफेसर डॉ. विवेक बालयान तथा पूर्व सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य बतौर अतिथि शामिल हुए। इन सभी ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन और देशसेवा की भावना के लिए प्रेरित किया। इस फिल्म ने छात्रों के मन में सैनिकों के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को और अधिक गहराई से जाग्रत किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों और कविताओं के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### कारगिल विजय दिवस युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत

संस्थान के चेयरमैन डॉ. हरिसिंह यादव तथा निदेशक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि कारगिल विजय दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि यह हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दिन हम अपने वीर सैनिकों के बलिदान को स्मरण करते हैं और यह संकल्प लेते हैं कि हम अपने देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को कारगिल युद्ध पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म भी दिखाई गई, जिससे उन्हें उस समय के हालात और भारतीय सैनिकों के अद्भुत साहस का जीवंत अनुभव प्राप्त हुआ।




नारनौल। मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## बीकेएन स्कूल सिहमा में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** बीकेएन स्कूल सिहमा में मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाए गए। जिसमें कक्षा छठी से आठवीं व नौवीं से 12वीं की कक्षा शामिल रही। जिसमें छठी से आठवीं ग्रुप में शिवानी प्रथम, छात्रा सपना दूसरे व दिव्या तीसरे स्थान पर रही। वहीं कक्षा नौवीं से 12वीं ग्रुप से मुस्कान प्रथम, साक्षी दूसरे व छात्रा मनीषा तीसरे स्थान पर रही। संस्था के प्राचार्य राजेश ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्था में अनेक प्रतियोगिताएं करवाई जाती है। जिसमें जुलाई में तीज के त्योहार को ध्यान में रखते हुए मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई। संस्था के चेयरमैन विजय सिंह ने सभी विजेता छात्राओं कोके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के उपप्राचार्य जसवंत सिंह, सुरेशवती, रीना, निर्मला, पूनम डेरोली आदि मौजूद थे। प्राचार्य राजेश ने सभी प्रतिभागी छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना अपने आप में एक जीत है। इसलिए आपको प्रत्येक प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।




महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन का भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# ओमसाईंराम स्कूल के बच्चों ने किया रेलवे स्टेशन का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्थानीय मोहल्ला जवाहरनगर स्थित श्री ओम साईंराम एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के 106 बच्चों की टीम ने महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन का भ्रमण करके स्टेशन मास्टर से उचित जानकारी प्राप्त की। रेलवे स्टेशन मास्टर ने बच्चों को टिकट घर, बुकिंग आफिस, सिग्नल रूम, गाड़ियों के संचालन, लाल और हरी झंडी आदि के बारे में शिक्षाप्रद बातें बताई।

***ये रहे मौजूदः*** इस अवसर पर बचपन हेड रूपाली अरोड़ा, उपप्राचार्या मोनिका दीवान, रीटा शर्मा, अनीता यादव, मिनाक्षी, पिंकी यादव, निशा सैनी, प्रियंका, हिना आदि अध्यापिकाएं विशेष रूप से बच्चों के साथ मौजूद रही।




महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

## खंडस्तरीय प्रतियोगिता में आरआरसीएम रहा विजेता

**महेंद्रगढ़।** कस्बा कनीना स्थित राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवा पीढ़ी को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता व ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खंड स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता में कई तरह के कार्यक्रम शामिल थे, जिनमें हमारे छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात संकेतों से संबंधित अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया, जिसमें कक्षा पांचवी से खुशी प्रथम स्थान, कक्षा 11वीं से अनुज तृतीय, पोस्टर मेकिंग में आठवी सी असीम ने पहला, पांचवी से रक्षा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल चेयरमैन रोशनलाल ने कहा कि यह प्रतियोगिता कनीना खंड में सड़क सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## स्नेहलता ने यूजीसी नेट परीक्षा की पास

**महेंद्रगढ़।** गांव पथरवा निवासी एवं वर्तमान में राजस्थान के श्रीगंगानगर स्थित राजकीय विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत स्नेहलता ने कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, विशेषकर पति भगवान सिंह और बेटे नवराज को दिया। स्नेहलता ने कहा कि नौकरी के साथ पढ़ाई करना आसान नहीं था, लेकिन परिवार के सहयोग और आत्मविश्वास ने यह संभव कर दिखाया। उनके ससुर सेवानिवृत्त सूबेदार राजबीर सिंह ने कहा कि स्नेह शुरू से ही बहुत मेहनती रही है। उसकी सफलता पूरे परिवार के लिए गौरव की बात है।



## गनियार में चंद्रोदेवी की स्मृति में सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अटेली खंड के गांव गनियार में चंद्रोदेवी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा व हवन का आयोजन किया गया। जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां डाली गई और पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका डॉ. कृष्णा आर्या मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। वहीं पंडित सुधीर कुमार ने ब्रह्मा का दायित्व निभाया और विधिविधान से हवन सम्पन्न करवाया। डॉ. कृष्णा आर्या ने चंद्रोदेवी के जीवन से जुड़े विविध प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला और मानव जीवन की सार्थकता व सुन्दरता से सम्बन्धित गीत सुनाए। सभा को सेवानिवृत्त डीएसपी विजयपाल सिंह ने भी संबोधित किया। डॉ. कृष्णा आर्या ने अपनी परम्परा अनुसार बुजुर्गों की स्मृति में पौधारोपण करवाया। इस मौके पर रघुवीर सिंह, विजयपाल सिंह, भद्रपाल, सुरेश कुमार, नरेश कुमार, भगत सिंह, संदीप यादव, धीरज यादव, बीरमती, शर्मिला, सुशील, इन्द्रसिंह, अरविंद आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। गांव गनियार में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सार्वजनिक सूचना**

मै बाबूलाल पुत्र मोहनलाल सैनी वासी सराय दूसरान नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे पिता मोहनलाल सैनी का देहान्त 25.07.1988 को हो चुका है। उनका एक मकान 65 वर्ग गज मोहल्ला सराय दूसरान में है। जिसका खसरा नं. 573 व सीरीयल नं. 11536 है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1 मुख्य बाबुलाल पुत्र 2. रेवती देवी पुत्री 3. इन्द्राज व बजरंग लाल पुत्र स्व. प्रभुदयाल पुत्र मोहनलाल है। इनके अलावा उनके और कोई कानूनी वारिस नहीं है। इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो वह 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति नगर परिषद कार्यालय में लिखित में जना करवाएं।



महेंद्रगढ़। भगवान शिव की वेशभूषा में विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### राव सुल्तान स्कूल में मनाया शिवरात्रि पर्व

महेंद्रगढ़। राव सुल्तान सिंह सीनियर स्कूल निम्बहेड़ा में शिवरात्रि बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। बच्चों ने भजन, गीत व नृत्य के माध्यम से भोले शिव को मनाने की कोशिश की। छोटे-छोटे बच्चे भगवान शिव व पार्वती का रूप धारण करने के बाद शायद ऐसा लग रहा था जैसे स्वयं शिव ने पृथ्वी पर अवतरण ले लिया हो। इस प्रकार से बच्चों ने अपनी कला का बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव, प्राचार्य राजकुमार शर्मा व उपप्राचार्य रामकुमार ने इस अवसर पर सभी बच्चों अभिभावकों, अध्यापकों को शिवरात्रि की शुभकामना देखकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पीएमश्री स्कूल नांगल दर्गु में युवा संसद आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एससीईआरटी गुरुग्राम के निर्देशन व डाइट महेंद्रगढ़ के तत्वावधान में जिले में आरंभ हुई युवा संसद प्रतियोगिताओं की कड़ी में वीरवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गु में युवा संसद का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ मॉडल संस्कृति स्कूल नारनौल के प्रवक्ता व पर्यवेक्षक डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि नांगल दर्गु स्कूल से युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य कैलाश यादव ने किया। पर्यवेक्षक के रूप में डाइट महेंद्रगढ़ से अंग्रेजी प्रवक्ता राजेश जाखड़, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नीरपुर राजनीति शास्त्र प्रवक्ता राकेश कुमार, मॉडल संस्कृति स्कूल समाजशास्त्र प्रवक्ता दीपक वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के राजनीति विज्ञान प्रवक्ता रामस्वरूप भोपा ने किया। इस अवसर पर छात्र नेताओं ने शिक्षा, बेरोजगारी, पर्यावरण प्रदूषण, स्वास्थ्य सेवा, महिलाओं के करियर, आयुष्मान भारत, पराली के निष्पादन, महिला सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर गहन चर्चा की तथा बेरोजगारी व शिक्षा पर सरकार को घेरा बिल पर युवा संसद मे बच्चों ने प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, और केंद्रीय मंत्री के रूप में शानदार अभिनय किया। डिंपल शर्मा, दृष्टि, प्रियांशु के अलावा बच्चों ने पक्ष व विपक्ष के सांसदों भूमिका निभाई। अंत में पर्यवेक्षक डॉ. दीपक वर्मा, राजेश जाखड़, राकेश कुमार ने युवा संसद विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की।



नारनौल। युवा संसद कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता नांगल चौधरी ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जा रही है। जिसमें बायल, नायन, बनिहारी, नांगल दर्गु, मुलोदी आदि स्कूलों में जो ब्लॉक स्तर पर प्रथम रहेगी, वह जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस मौके पर सरपंच पूर्णमल, प्रवक्ता रामस्वरूप भोपा, योगेंद्र कुमार, राधेश्याम नरवारा, प्रवक्ता शालिनी बाघ, रेखा यादव, सीमा यादव, चरण सिंह बडेसरा, त्रिभुवन वर्मा, माखनलाल, राजवीर, दर्शन सेन, धीरज शर्मा, प्रवेश यादव आदि मौजूद थे।

TAGORE SEC. SCHOOL
An English Medium Co-Educational Cultural School (Nursery to x)
SAINIK SCHOOL
NAVODAYA SCHOOL
MILITARY SCHOOL
DEVNARAYAN
HOSTEL FACILITY
LIBRARY
ADMISSION OPEN 2025-26
BABERA ROAD, SANGTEDA, KOTPUTLI (RAJ) Contact Us : 9256537272, 9314153444
TAGORE COLLEGE
Dr. B.R. Ambedkar Law University, Jaipur
D-PHARMA
Limited Seats PCM, PCB
ADMISSION OPEN
LL.M 2 Year LL.B 3 Year
For Admission : 9549210000, 8432044810

# शहर के आधे हिस्से में एक सप्ताह से पहुंच रहा है गंदा पानी, लोगों की सेहत पर पड़ सकता है असर

**खास बातें**

- करोड़ों के फिल्टर प्लांट का पानी साफ करने में हुआ नाकाम, लोगों को उठानी पड़ रही है परेशानी


महेंद्रगढ़। बाल्टी में रखा गंदा पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में इन दिनों घरों तक सप्लाई हो रहा पीने का पानी लोगों की परेशानी का कारण बनता जा रहा है। नहर से आने वाला पानी न तो पूरी तरह से शुद्ध हो रहा है और न ही घरों तक साफ अवस्था में पहुंच रहा है। नतीजतन, लोग मटमैला और बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे उनकी सेहत पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बता दें कि जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा देवास गांव में करोड़ों रुपये की लागत से फिल्टर प्लांट और चार बड़े पानी के टैंक तैयार किए गए थे। इनका उद्देश्य नहर से आने वाले पानी को शोधित कर घर-घर स्वच्छ जल उपलब्ध कराना था। लेकिन वर्तमान हालात यह बता रहे हैं कि यह व्यवस्था पूरी तरह फेल साबित हो रही है। शहर के कई हिस्सों मौहल्ला महायचान, खटीकान, वाल्मीकि बस्ती, धानकान, बांस मोहल्ला, देवीलाल कॉलोनी और सतनाली रोड पर इन दिनों लगातार गंदा और मटमैला पानी सप्लाई किया जा रहा है।

### लोगों को सता रहा बीमारियों का खतरा



स्थानीय निवासी विक्रम ने बताया कि शहर में इन दिनों घरों तक पहुंचने वाला पीने का पानी लोगों की सेहत के लिए खतरा बन गया है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से लगाए गए करोड़ों रुपये के फिल्टर प्लांट के बावजूद मटमैले और बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे हजारों लोगों की दिनचर्या और स्वास्थ्य प्रभावित हो रहे हैं। **-विक्रम कुमार।**

### अपनी जेब से खर्च करने पड़ रहे है पैसे



स्थानीय निवासी अनूप कुमार ने बताया कि फिल्टर प्लांट से शोधित होकर आने वाला पानी भी मटमैले रंग का और दुर्गंधयुक्त है। इससे घरेलू कामकाज तो प्रभावित हो ही रहे हैं, साथ ही लोगों को पीने के पानी के लिए अपनी जेब से पैसे खर्च करने पड़ रहे है। जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। विभाग को इस समस्या का स्थाई समाधान करना चाहिए। **- अनूप कुमार।**

### कई बार दे चुके हैं शिकायत



स्थानीय निवासी संदीप कुमार ने बताया कि पानी में से बदबू आ रही है और इसका रंग गंदा है। यह न तो पीने लायक है, न घरेलू इस्तेमाल के योग्य। बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि या तो फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली की जांच कर उसमें सुधार किया जाए, या फिर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को स्वच्छ, पीने योग्य पानी मिल सके। **- संदीप कुमार।**

### जल्द कराया जाएगा समाधान

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई मनीष कुमार ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में आया है। जल्द ही मौके पर जाकर पाइपलाइन को चेक कराया जाएगा। अगर किसी प्रकार की समस्या है तो उसको तुरंत ठीक कराया जाएगा।

## उपायुक्त ने किया सीईटी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

# नारनौल में सीईटी परीक्षा के लिए शटल बस सेवा के रूट निर्धारित

राज्य सरकार के निर्देश अनुसार इस परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी करने में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल डीपो के जीएम मनोज शर्मा ने बताया कि अनाज मंडी नारनौल व बदेरवाल सीटी महेंद्रगढ़ से सीईटी परीक्षा के लिए शटल बस सेवा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

### नारनौल शटल सेवा के रूट:

**रूट नंबर 1 नारनौल कोरियावास रोडः** संस्कार भारती पब्लिक स्कूलए कोरियावास।
**रूट नंबर 2 नारनौल महेन्द्रगढ़ रोडः** सूरज स्कूल लहरोदा।
**रूट नंबर 3 नारनौल कुलताजपुर रोडः** भारती पब्लिक स्कूल कुलताजपुर रोड, एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल कुलताजपुर रोड, ओएसिस इंटरनेशनल स्कूल, कुलताजपुर रोड।
**रूट नंबर 4 नारनौल रेवाड़ी मार्गः** सैनी सेकेंडरी स्कूल रेवाड़ी रोड नियर बस स्टैंड, यदुवंशी शिक्षा निकेतन पटीकरा रेवाड़ी रोड गांव पटीकरा, एसवीएन सेकेंडरी स्कूलए नीरपुर, आरपीएस पब्लिक स्कूल सुराना।
**रूट नंबर 5 नारनौल हुडा सेक्टरः** सीएल पब्लिक स्कूल हुडा सेक्टर 1 नारनौल।
**रूट नंबर 6 नारनौल शहर 1ः** राजकीय महिला महाविद्यालय बहरोड रोड, पीएमश्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहरोड रोड, यूरेका पब्लिक स्कूल नियर कडियावाला हनुमान जी मंदिर बहरोड रोड।
**रूट नंबर 7 नारनौल शहर 2ः** राजकीय महाविद्यालय रेलवे रोड नियर हेड पोस्ट ऑफिस।
**रूट नंबर 8 नारनौल शहर 3ः** बाबा खेतानाथ बहुतकनीकी संस्थान पुरानी मंडी नारनौल जयपुर हाईवे, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल नियर मेहता चौक।

### महेंद्रगढ़ शटल सेवा के रूट

**रूट नंबर 1 महेंद्रगढ़ कनीना रोडः** टैगोर पब्लिक स्कूल नियर कैनाल रेस्ट हाउस महेंद्रगढ़।
**रूट नंबर 2 महेंद्रगढ़ अटेली रोडः** कपिल विद्या मंदिर देवनगर चामधेड़ा रोड महेंद्रगढ़, मार्डन पब्लिक स्कूल देवनगर चामधेड़ा रोड महेंद्रगढ़।
**रूट नंबर 3 महेंद्रगढ़ कुहरावटा रोडः** श्री कृष्णा सेकेंडरी स्कूल कुहरावटा रोड महेंद्रगढ़।
**रूट नंबर 4 महेंद्रगढ़ बुचोली रोडः** सूरज स्कूल बुचोली रोड महेंद्रगढ़, सूरज पीजी डिग्री कॉलेज बुचोली रोड महेंद्रगढ।
**रूट नंबर 5 महेंद्रगढ़ डुलाना रोडः** सरबती सेकेंडरी स्कूल गोशाला रोड, महेंद्रगढ़, हैप्पी एवरग्रीन स्कूल डुलाना रोड महेंद्रगढ़।
**रूट नंबर 6 महेंद्रगढ़ दादरी मार्गः** संस्कार भारती डिग्री कॉलेज फॉर वुमेन पाली महेंद्रगढ़, केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली महेंद्रगढ़।
**रूट नंबर 7 महेंद्रगढ़ सतनाली मार्गः** आरपीएस कालेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी बलाना सतनाली रोड महेंद्रगढ़, राव प्रहलाद सिंह स्कूल सतनाली रोड खातोद महेंद्रगढ़, गुरु कॉलेज ऑफ एजुकेशन खायरा महेंद्रगढ़, विजय इंटरनेशनल स्कूल सतनाली रोड बलाना महेंद्रगढ़।

### डीसी ने किया सीईटी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा


नारनौल। अनाज मंडी में बनाए गए अस्थाई बस स्टैंड का निरीक्षण करते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को आगामी 26 व 27 जुलाई को होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) की तैयारियों का व्यक्तिगत रूप से जायजा लिया। उन्होंने सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों और पार्किंग सुविधाओं का निरीक्षण किया। डॉ. भारती ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश अनुसार इस परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन के लिए सभी प्रकार की तैयारी की जा रही है। परीक्षार्थियों के आने जाने व ठहरने की व्यवस्था पूरी तरह से मुफ्त रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि अन्य जिलों से आने वाले उम्मीदवारों के लिए परिवहन, स्वास्थ्य और सुरक्षा के व्यापक प्रावधान सावधानीपूर्वक किए गए हैं। इन पहलुओं के प्रबंधन के लिए विभिन्न अधिकारियों को स्पष्ट रूप से जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। डॉ. भारती ने नारनौल की नई अनाज मंडी में स्थापित अस्थायी बस स्टैंड का भी दौरा किया तथा एचपीएस स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल व बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी स्थानों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरों के उचित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रमित यादव व रोडवेज के जीएम मनोज शर्मा भी उपस्थित थे।!

### सीईटी परीक्षा के लिए तैनात फ्लाइंग स्क्वायड व ड्यूटी मजिस्ट्रेट की बैठक ली


नारनौल। फ्लाइंग स्क्वायड व ड्यूटी मजिस्ट्रेट की बैठक लेते एसडीएम।

**नारनौल।** आगामी 26 व 27 जुलाई को होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह ने फ्लाइंग स्क्वायड व ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार और जिला प्रशासन का मुख्य फोकस वर्तमान में सीईटी परीक्षा के सुचारू और निष्पक्ष आयोजन पर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस मामले की गंभीरता को समझते हुए पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का निर्देश दिया। एसडीएम कनीना ने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारी स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होगा। उन्होंने सभी को पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कार्य करने पर जोर दिया ताकि परीक्षा की शुचिता बनी रहे।

### जिले में दूरदराज से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था

**नारनौल।** प्रदेश में 26 व 27 जुलाई को होने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा के मध्य नजर जिला प्रशासन की ओर से जिला में दूरदराज से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए महेंद्रगढ़ में धर्मशाला, कम्युनिटी सेंटर व रेन बसेरा में परीक्षार्थियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इनका ओवरऑल इंचार्ज नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल होंगे। उन्होंने बताया कि यादव धर्मशाला बस स्टैंड रोड नजदीक आईटीआई महेंद्रगढ़, कमला भवन शंकर कॉलोनी, सेठ गोरी दत ख्यालीराम धर्मशाला शंकर कॉलोनी, ओल्ड रामलीला मोहल्ला काली का टिब्बा, लाला बंशीधर जयनारायण धर्मशाला सब्जी मंडी रोड शंकर कॉलोनी, डॉ अंबेडकर भवन नजदीक पीर बाबा मंदिर, सैन समाज धर्मशाला नजदीक पीरबाबा मंदिर, बाबा जयरामदास भवन मोहल्ला कुमाहारान, पंजाबी धर्मशाला मोहल्ला जवाहर नगर, प्रजापति धर्मशाला डुलाना रोड मोहल्ला कुमाहारान व सेठ मंगतूराम धर्मशाला नजदीक रेलवे स्टेशन महेंद्रगढ़ में ठहरने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यादव धर्मशाला बस स्टैंड रोड नजदीक आईटीआई महेंद्रगढ़ में ठहरने के लिए धर्मशाला मेंबर अभय राम के मोबाइल नंबर 9416346898 पर फोन कर सकते हैं।

## समस्याओं का समाधान ही पहली प्राथमिकता : एडीसी


महेंद्रगढ़। शिविर में शिकायत सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

- एडीसी ने शिविर में शिकायत लेकर आए नागरिकों को किया आश्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

स्थानीय लघु सचिवालय में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में एडीसी सुशील कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिविर में नागरिकों की 50 समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारीयों को तत्काल निदान करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का तत्परता के साथ समाधान ही प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है, जिससे नागरिकों का शासन-प्रशासन में भरोसा समय के साथ और बढ़ता जा रहा है। वीरवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, वृद्धावस्था पेंशन बनवाने,राजस्व विभाग से जुड़े इंतकाल व जमाबंदी, अतिक्रमण हटवाने, पंचायती विभाग से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम अनिल कुमार यादव, डीएसपी दिनेश कुमार, तहसीलदार अजय कुमार कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### दौंखेरा में चोरों ने सोलर प्लेट व केबल चुराई

**नांगल चौधरी।** दौंखेरा गांव में अज्ञात चोरों ने बोरवेलों की सोलर प्लेट व केबल चुरा ली। पीड़ति किसानों ने थाना में शिकायत देकर आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करके सामान बरामद करने की गुहार लगाई है। संतादेवी पत्नी रामोतार बंशीलाल, छोटी देवी, हरिराम, महावीर, सुंदरलाल, रामसिंह ने पुलिस को सौंपी शिकायत में बताया कि 22 जुलाई शाम बोरवेल पर सोलर प्लेट व केबल सही सलामत देखी गई थी। इसी रात करीब 10 बजे अज्ञात चोरों ने सोलर की प्लेट व बोरवेल की केबल चुरा ली। रामसिंह के बोरवेल से करीब 100 मीटर केबल ले गए। रिश्तेदारी में कोई समारोह होने के कारण परिजन 23 जुलाई की शाम बोरवेल पर पहुंचे। वहां प्लेट व केबल गायब देखकर हैरान रहे गए। गांव के सरपंच व अन्य ग्रामीणों को घटना से अवगत कराया। इसके बाद 112 पर डायल करके पुलिस को घटना स्थल पर बुलाया व चोरी हुए सामान से अवगत कराया।

**खबर संक्षेप**

### ब्राह्मण सभा चुनाव में प्रधान पद को दो आवेदन

**नारनौल।** श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा की शासकीय समिति के चुनावों के लिए नामांकन के पहले दिन प्रधान पद के लिए दो नामांकन प्राप्त हुए। सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष वशिष्ठ एडवोकेट ने बताया कि नामांकन पत्र जमा करवाने के पहले दिन प्रधान पद के लिए दो नामांकन प्राप्त हुए हैं। जिनमें धीरज कुमार मोहल्ला मिश्रवाड़ा व मोहित भारद्वाज एडवोकेट मोहल्ला चान्दुवाड़ा ने प्रधान पद के लिए नामांकन किया है। उन्होंने बताया कि नामांकन 25 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे से सायं चार बजे तक जमा होंगे। वशिष्ठ ने बताया कि श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा की शासकीय समिति में प्रधान, उप प्रधान, महासचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व दो कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा।

### विवेक ने छठीं बार उत्तीर्ण की नेट की परीक्षा

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय अनाजमंडी निवासी हाल ही में घोषित यूजीसी नेट परीक्षा में जिले के युवा लोकेश ने छठी बार क्वालिफाई कर जिले का नाम रोशन किया है। लोकेश वर्तमान में हरियाणा की प्रतिष्ठित संस्था दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल से पीएचडी कर रहे हैं। लोकेश ने महेंद्रगढ़ कॉलेज से स्नातक (वाणिज्य)की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय संदीप सिंह के मार्गदर्शन के साथ-साथ पूर्व कमिश्नर जगदीप सिंह (आईएएस), एचसीएस अधिकारी विश्वजीत सिंह, पूर्व प्राचार्य प्रो. संजय जोशी, प्राचार्य डॉ. सुधीर लांबा, एडवोकेट शंकर शर्मा तथा अपनी माता सरोज देवी और बहन प्रीति को दिया है।

## हरियाणा केंद्रीय विवि में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 31 को


महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विवि महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन आगामी 31 जुलाई को आयोजित की जाएंगी। विवि के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस काउंसलिंग के माध्यम से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर अध्ययन के लिए अभ्यर्थियों को एक अवसर ओर उपलब्ध करवाया जा रहा है। विवि के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि ओपन काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों को नए सिरे से पंजीकरण करवाना होगा। अभ्यर्थी 25 से 29 जुलाई तक आनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। कुलसचिव ने बताया कि अभ्यर्थी को शेडयूल के अनुसार 31 को दोपहर 12 बजे तक विवि के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विवि में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ओपन काउंसलिंग का शेडयूल, पात्रता मानदंड, रिक्त सीटों व अन्य विस्तृत विवरण विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## ट्रेन ठहराव को सांसद ने रेल राज्यमंत्री को लिखा पत्र

- सतनाली स्टेशन पर दिल्ली बीकानेर इंटरसिटी, दिल्ली जयपुर सैनिक एक्सप्रेस, दिल्ली सराय सीकर के ठहराव की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

सांसद धर्मबीर सिंह ने सतनाली रेलवे स्टेशन पर बीकानेर इंटरसिटी, सैनिक एक्सप्रेस व दिल्ली सराय सीकर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव के लिए रेल राज्यमंत्री को पत्र लिखा है। सांसद ने रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह को लिखे पत्र में गाड़ी संख्सा 22471-72 दिल्ली-बीकानेर इंटरसिटी, 19701-2 दिल्ली-जयपुर सैनिक एक्सप्रेस तथा 14713-14 दिल्ली सराय-सीकर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग करते हुए बताया कि 22471-72 बीकोनर इंटरसिटी का ठहराव किया जाए, 19701-2 सैनिक एक्सप्रेस कोविड से पहले यहां रुकती थी, जिसे बंद कर दिया गया है, इसका ठहराव पुनः बहाल किया जाए और 14713:14 दिल्ली-सीकर एक्सप्रेस के ठहराव की भी क्षेत्र के लोग लंबे समय से मांग कर रहे हैं। पूर्व जिला उपप्रमुख भागीरथ सिंह शेखावत व सतनाली रेल सेवा समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत ने बताया कि सतनाली स्टेशन से हरियाणा व राजस्थान के 80 से अधिक सैनिक बाहुल्य गांवों के यात्री यात्रा करते हैं और पिछले दिनों ही बेहतर यात्रीआय के आधार पर स्टेशन की श्रेणी को भी एनएसजी-6 से एनएसजी-5 में अपग्रेड किया गया है, फिर भी यहां रेलगाड़ियों का लंबे समय से मांग के बावजूद ठहराव नहीं दिया जा रहा है।

## राधेश्याम राज्य संयुक्त सचिव व सतीश लीगल सैल पदाधिकारी मनोनित

- कार्यकारिणी में शामिल इन दोनों साथियों को पधाधिकारियों ने दी बधाई


राधेश्याम नरवारा।


सतीश कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) के राज्य प्रधान सत्यपाल सिंधु ने नवगठित राज्य कार्यकारिणी में महेन्द्रगढ़ जिले से वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम नरवारा को राज्य संयुक्त सचिव व पूर्व ब्लॉक प्रधान सतीश शर्मा कौशिक को हसला की लीगल सैल में पदाधिकारी मनोनित किया है। जिस पर जिले के समस्त हसला परिवार की ओर से राज्य प्रधान सतपाल सिंधु का धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान अरविंद यादव माजरा, पूर्व जिला प्रधान बीरसिंह यादव, कनीना खंड प्रधान सुबेसिंह चौहान, अटेली खंड प्रधान हंसराज यादव, नारनौल खंड प्रधान रामनिवास लम्बोरा, नांगल चौधरी खंड प्रधान चरण सिंह बडेसरा, महेन्द्रगढ़ खंड प्रधान विक्रम आकोदा, डीएसएस रवीन्द्र अग्रवाल, पवन यादव, जसवन्त यादव, पूर्व खंड प्रधान अशोक पटीकरा, सुनील यादव, राजेश मेजर, सत्यपाल आदि ने राज्य कार्यकारिणी में शामिल इन दोनों साथियों को बधाई देते हुए बताया कि इनका लंबे समय से हसला संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय योगदान रहा है। इसी बदौलत इनको नवगठित राज्य कार्यकारिणी में जिम्मेदारियां मिली है और उम्मीद है कि आगे भी ये दोनों साथी निष्ठा पूर्वक संगठन में अपना सहयोग देते रहेंगे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए 1 को मनाएंगे काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


महेश यादव।

डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन की एक अति आवश्यक ऑनलाइन मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान विजेंद्र मोर ने की। संचालन राज्य महासचिव सुनील यादव ने किया। बैठक में विशेष तौर से उपस्थित राज्य के चेयरमैन धर्मेंद्र ढांडा, राज्य प्रेस सचिव बूटा सिंह एवं राज्य सचिव महेश यादव समेत सभी पदाधिकारियों ने यह फैसला किया कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा जो एक अगस्त को काला दिवस और रोष मार्च किया जा रहा है, उसका हमारा संगठन समर्थन करता है और राज्यभर के सभी पदाधिकारी व अध्यापक इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। अध्यापक नेता महेश यादव ने बताया कि कर्मचारी अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा जनसेवा में लगाता है और सरकार की नीतियों को आगे बढाने का काम करता है, लेकिन रिटायरमेंट के टाइम उसे खाली हाथ घर भेज दिया जाता है। आगे के जीवन के लिए पेंशन जैसी सुविधा न देना यह लोकतांत्रिक सरकार द्वारा उठाया गया, एक गलत कदम है। सरकार बिना किसी देरी के एनपीएस या यूपीएस जैसे ढकोसलों को छोड़कर पुरानी पेंशन बहाल करें।

### सिरसा से नारनौल के लिए 5.50 बजे होगी रवाना

# सिरसा के लिए नई बस सेवा शुरू, 5 जिलों को लाभ

- इससे पहले नारनौल से सिरसा के लिए सीधी बस सेवा नहीं थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल/महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

परिवहन विभाग की ओर से नारनौल से सिरसा के बीच नई बस सेवा शुरू की है। नई बस का संचालन शुरू होने से पांच जिलों के यात्रियों को फायदा मिलेगा। इससे पहले नारनौल से सिरसा के लिए कोई सीधी बस सेवा नहीं थी। जिससे यात्रियों को काफी असुविधा होती थी।

अब इस नई सेवा के शुरू होने से महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखी दादरी, हिसार और सिरसा के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह नई बस सेवा यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक साबित होगी, क्योंकि अब उन्हें बार-बार बसें बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह बस सेवा प्रतिदिन निर्धारित समय पर संचालित होगी और इस मार्ग के प्रमुख स्टॉप जैसे कि तोशाम, भिवानी, अग्रोहा होते हुए सिरसा पहुंचेगी। इससे इन जिलों के यात्रियों को समय की बचत होगी और यात्रा अधिक आरामदायक होगी।नई बस सेवा की शुरूआत से क्षेत्र के व्यापारियों और आम यात्रियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने इसे एक सराहनीय पहल बताया है। नई बस सेवा से खासतौर पर ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों के लोगों को फायदा होगा। अब इन यात्रियों को बड़े शहरों में आने-जाने के लिए निजी वाहनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे यात्रा की लागत भी कम होगी। इसके अलावा यह सेवा पूरे क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगी।

### नारनौल से 9.57 पर सिरसा के लिए होगी रवाना

यह बस सुबह 5.50 बजे सिरसा से चलकर सुबह 7.45 बजे हिसार, सुबह 9.45 बजे भिवानी, सुबह 11.10 बजे चरखी दादरी, दोपहर 12 बजे महेंद्रगढ़, दोपहर 12.40 बजे नारनौल पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर एक बजे नारनौल से रवाना होकर 1.40 बजे महेंद्रगढ़ व दोपहर तीन बजे चरखी दादरी पहुंचेगी। चरखी दादरी में बस का रात्रि ठहराव होगा। इसके बाद यह सुबह आठ बजे चरखी दादरी से चलकर सुबह 9 बजे महेंद्रगढ़, 9.40 बजे नारनौल पहुंचेगी तथा नारनौल से 9.57 मिनट में चलकर 10.30 बजे महेंद्रगढ़, 11.30 बजे दादरी, 12.30 बजे भिवानी, दोपहर 2.15 बजे हिसार से होते हुए शाम 4.30 बजे सिरसा पहुंचेगी।